गरीब बेटी की पुकार | एक आंख बचपन से नहीं, दूसरी से भी कम दिखाई देता है

फिर भी नहीं बना दिव्यांग प्रमाण पत्र

सुनील व्यास/ विनय असाटी

नवभारत, पटेरा/दमोह। यह कहानी केवल पूजा विश्वकर्मा की नहीं, बल्कि उन तमाम गरीब बेटियों की है जो अपने अधिकारों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक जाती हैं। दमोह जिले के पटेरा जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत निमरमुंडा की रहने वाली पूजा विश्वकर्मा एक ऐसी ही युवती है, जिसकी पीड़ा सुनकर किसी का भी मन द्रवित हो सकता है।पूजा बचपन से ही एक आंख से वंचित है। उसकी दूसरी आंख से भी धीरे-धीरे कम दिखाई देने लगा है। इसके बावजूद आज तक उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बन पाया। पूजा का कहना है कि उसने कई बार आवेदन दिए, अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाए, जांच कराई और अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन हर बार उसे केवल आश्वासन मिला, समाधान नहीं।

पढाई में पूजा है अव्वल

पूजा पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी रही।मैंने अपनी 10वीं की परीक्षा हाई स्कूल पटेरा से उत्तीर्ण की है जिसमें मेरी 78.6 प्रतिशत रही है इसके बाद सन 2018 में मैं बायोलॉजी विषय से उत्तीर्ण हूं। जिसमें मेरे प्रतिशत 79.4 रहे हैं।इसके बाद मैं 2019 में मैंने डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन डीईडी कंप्लीट की है जिसमें मेरी परसेंटेज 73 प्रतिशत रहे है?। इसके बाद मैं बीए पॉलीटिकल साइंस से उत्तीर्ण की है तथा 2023 से 2025 तक मैंने अतिथि शिक्षक के रूप में मॉडल स्कूल पटेरा में शिक्षण कार्य किया है उसने कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत से पढ़ाई की। उसे विश्वास था कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद उसे प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों में मिलने वाली वैधानिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। लेकिन किस्मत ने एक और परीक्षा ले ली। हाल ही में उसने एक प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए,लेकिन दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण उसे दिव्यांग श्रेणी का लाभ नहीं मिल सका और उसका चयन नहीं हो पाया। यह घटना उसके लिए गहरा मानसिक आघात बन गई।

पूजा मानसिक तनाव में रहने लगी

बताया जाता है कि वह कई बार दमोह के नेत्र विशेषज्ञों के पास भी जांच कराने गई। वहां भी उसकी आंखों की स्थिति स्पष्ट बताई गई, लेकिन इसके बावजूद प्रमाण पत्र बनने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। लगातार हो रही देरी से पूजा मानसिक तनाव में रहने लगी है। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति भी बेहद कमजोर है। उसके पति मुकेश विश्वकर्मा दैनिक मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाना भी उनके लिए आर्थिक बोझ बन गया है।

योजना का नहीं मिला लाभ

सरकार समय-समय पर गरीबों, पिछड़े वर्गों, दिव्यांगजनों और बेटियों के कल्याण की बात करती है। लेकिन यदि वास्तव में पात्र व्यक्ति को उसका वैधानिक अधिकार समय पर नहीं मिल पा रहा है, तो यह व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। यदि पूजा जैसी जरूरतमंद युवती वर्षों तक अपने अधिकार के लिए भटकती रहे, तो योजनाओं का वास्तविक लाभ आखिर किसे मिल रहा है?

आज भी उम्मीद कायम

आज भी पूजा को उम्मीद है कि कोई संवेदनशील अधिकारी उसकी पूरी बात सुनेगा, उसके दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कराएगा और यदि वह नियमों के अनुसार पात्र है तो उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र शीघ्र जारी कराया जाएगा। उसकी सबसे बड़ी इच्छा केवल इतनी है कि उसे उसका कानूनी अधिकार मिल जाए, ताकि वह भी सम्मान के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेकर अपने परिवार का सहारा बन सके।

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत हुआ पौधरोपण

जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा द्वारा आचार्य विद्यासागर के दीक्षा दिवस स्मृति में आयोजन

नवभारत,दमोह। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की पावन मुनि दीक्षा दिवस की स्मृति को समर्पित करते हुए जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह, क्षेत्र क्रमांक-10 द्वारा ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत सनमति सिटी परिसर में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी वीर बंधुओं ने आचार्य श्री के आदर्शों का स्मरण करते हुए माँ एवं पृथ्वी माँ के सम्मान में पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। शाखाध्यक्ष वीर मुकेश जैन श्मम्माश् ने बताया कि जैन मिलन द्वारा संचालित पौधारोपण श्रृंखला का यह पाँचवाँ आयोजन है। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा प्रत्येक वर्ष केवल सुरक्षित (कवर्ड) परिसर में ही पौधारोपण किया जाता है, जिससे लगाए गए पौधों का संरक्षण सुनिश्चित हो और वे विकसित होकर पर्यावरण को स्थायी लाभ पहुँचा सकें। उन्होंने कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, घटते वन क्षेत्र एवं जल संकट जैसी चुनौतियों के बीच पौधारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

एक वृक्ष अपने जीवनकाल में हजारों लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ तापमान नियंत्रित करने, वर्षा चक्र को संतुलित रखने, भूजल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।शाखा मंत्री वीर महेंद्र जैन सोमखेडा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग एवं सनमति सिटी परिसर उपलब्ध कराने के लिए वीर राजेश जैन श्सनमतिश् का आभार व्यक्त किया।

एक नजर में

तुम्हारे कारण किसी की आंख में आंसू आये तो आपको धिक्कार है : पंडित विपिन बिहारी

नवभारत,हटा/दमोह। दुनिया में आओ तो ऐसे आओ की बार-बार आना बाकी ना रहे और जो तो ऐसे जो की बार-बार न जाना पड़े ,यहां से मुक्त होकर जाओ और कुछ ऐसे कार्य करके जो कि लोग आपको हमेशा याद रखें। तुम्हारे कारण यदि किसी की आंख में आंसू आए तो तुम्हारे जीवन को धिक्कार है .उक्त उद्गार पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने सकोर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यास पीठ से व्यक्त किए। पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने अपने चिरपरिचित बुंदेलखंडी अंदाज में व्यासपीठ से कई प्रसंगों को सुनाया और श्रोताओं के भरपूर मनोरंजन कर ज्ञानवर्धक कथा सुनाई। पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने कहा बहुत त्याग के बाद ठाकुर जी मिलते हैं, इसलिए हमें हरि भजन और सदकार्यों में समय लगाना चाहिए। विपिन बिहारी जी महाराज ने कुर्सी के उदाहरण और स्तर बताते हुए कहा कि जिसका सम्मान नीचे ज्यादा ऊपर नहीं मतलब पैसे वाला उसने कभी एक रुपए अच्छे काम मे नहीं लगाया तो भगवान सम्मान कैसे करेंगे।

चौरई गांव में दो पक्षों में मारपीट, वृद्ध मां-बेटे समेत 3 घायल, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

नवभारत,दमोह। देहात थाना क्षेत्र के जबलपुर नाका चौकी के समीप स्थित चौरई गांव में शनिवार रात दो पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई।जानकारी के अनुसार विवाद के दौरान एक पक्ष के वीरू अहिरवार और उसकी वृद्ध मां सरस्वती बाई निवासी चौरई के साथ प्लास्टिक के पाइप से मारपीट की गई। हमले में दोनों का पूरा शरीर लाल हो गया और गंभीर चोटें आईं। घायल वृद्ध मां और बेटे वीरू को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं दूसरे पक्ष के मनोज भी इस मारपीट में घायल बताए जा रहे हैं। देहात पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बटियागढ़ के शासकीय मॉडल स्कूल में नशा मुक्ति अभियान पुलिस ने दिलाई शपथ

नवभारत,दमोह। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शासकीय मॉडल स्कूल बटियागढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एसडीओपी प्रिया सिंधी और थाना प्रभारी निरीक्षक रजनी शुक्ल स्कूल पहुंचीं। इस दौरान स्कूल स्टाफ और पुलिस स्टाफ की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई।

नशे से दूरी है अभियान : जागरूकता कार्यक्रम में दिलाई शपथ

नवभारत ,दमोह । पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया व सीएसपी एच.आर. पांडे के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत रविवार शाम को दमोह बस स्टैंड पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीआई कोतवाली मनीष कुमार अवकाश से वापस लौटे और नागरिकों और यात्रियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि परिवार और समाज के लिए भी हानिकारक है।इस दौरान यात्रियों, ऑटो चालकों और दुकानदारों को नशे से दूर रहने समाज में नशा मुक्ति का संदेश दिया.

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर जबेरा में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

छात्रों ने दिखाया वन्यजीव संरक्षण के प्रति उत्साह

नवभारत,जबेरा/दमोह। अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के प्रचार-प्रसार व वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को जबेरा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता शासकीय सीएम राइज विद्यालय जबेरा, शासकीय कन्या विद्यालय जबेरा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा तथा रानी दुर्गावती शासकीय विद्यालय सिंग्रामपुर में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर बाघ संरक्षण, पर्यावरण एवं जैव विविधता पर आधारित आकर्षक चित्र बनाए।आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान दल प्रभारी विनोद दंडोतिया, दल सदस्य हरलाल रैकवार, महेश साहू सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बाघों के संरक्षण, वनों के महत्व तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश देते हुए प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भागीदारी रही.

पटेरा स्थित बेलखेड़ी गौशाला का निरीक्षण

नवभारत,पटेरा/दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने विकासखंड पटेरा स्थित बेलखेड़ी गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में कार्यरत कर्मचारी व सेवक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ गौसेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने चारा,दाना व अन्य व्यवस्थाओं को संतोषजनक जताते हुए कहा गौमाताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा और दाना उपलब्ध है।उन्होने गौशाला में पानी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिए।

अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस की रात्रिकालीन कॉम्बिंग गश्त शुरू

वारंटियों की धरपकड़, असमाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही

नवभारत, दमोह। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में जिले भर में 18 जुलाई से 19 जुलाई 2026 की दरम्यानी रात्रि विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में फरार आरोपियों,वारंटियों, गुंडा एवं निगरानी बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। साथ ही संदिग्ध स्थानों,सार्वजनिक स्थलों,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन,होटल,ढाबों व अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक चेकिंग कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया।कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय रहकर वारंटियों की धरपकड़, गुंडा व निगरानी बदमाशों की सघन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन तथा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी भ्रमण कर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई की।

कॉम्बिंग गश्त की कार्यवाही

स्थायी वारंट तामील-12 भरण-पोषण अधिनियम अंतर्गत गिरफ्तारी वारंट तामील-02गिरफ्तारी वारंट तामील-32 जमानती वारंट तामील-16 गुंडा बदमाश चेक-42 निगरानी बदमाश चेक-23 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत-18 प्रकरण सट्टा एक्ट के अंतर्गत-02 प्रकरण अंतर्गत धारा 170 बी.एन.एस.एस.-01 व्यक्ति पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई।

मिशन ग्रीन हरित संकल्प : सात कॉलोनी पार्क में लगाए पौधे

नवभारत,दमोह। भारत विकास परिषद रानी दमयंती शाखा,मिशन ग्रीन दमोह व विवेकानंद मिशन विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रोफेसर कॉलोनी स्थित राम मंदिर परिसर के सात कॉलोनी पार्क में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का आयोजन मिशन ग्रीन दमोह के प्रणेता सिद्धार्थ मलैया, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विक्रम ठाकुर तथा भारत विकास परिषद रानी दमयंती शाखा की अध्यक्ष डॉ.किरण गोस्वामी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर परिषद के सदस्यों व गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कर हरित व स्वच्छ दमोह के संकल्प को सशक्त बनाया।सभी उपस्थित अतिथियों का मीना पाठक व नीति खरे द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मिशन ग्रीन दमोह के लिए काव्या मिश्रा द्वारा रचित थीम सॉन्ग की प्रस्तुति दी गई। साथ ही पार्क के लंबित विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई।

चलती बाइक पर हमला, लाठियों से पीटकर युवक को किया घायल

जिला अस्पताल में भर्ती

नवभारत,दमोह। देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत मराहार तिराहा के पास बाइक सवार युवक से मारपीट का मामला सामने आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आरिफ खान निवासी दमयंती पुरम अपने साथी विनय यादव को छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान मराहार तिराहा के पास सुरेंद्र, सुरजीत और संदीप नाम के 2 से 3 लोगों ने चलती बाइक पर लाठियों से हमला कर दिया।हमलावरों ने आरिफ के साथ बुरी तरह मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आरिफ को इलाज के लिए शनिवार रात दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर जांच शुरू कर दी है।

नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान : सेंट नॉर्बट स्कूल में विद्यार्थियों को किया जागरूक

नवभारत,दमोह। मप्र पुलिस द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के अंतर्गत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि (भापुसे) ने सेंट नॉर्बर्ट स्कूल,दमोह पहुंचकर विद्यार्थियों व शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज व भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को तंबाकू, सिगरेट, शराब, गुटखा, तथा अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए बताया कि नशे की लत अनेक गंभीर व जानलेवा बीमारियों का कारण बनती है तथा व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक व सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें.साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी को अपने आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध, अवैध अथवा नशे से संबंधित गतिविधि दिखाई देती है, तो वह बिना किसी भय के तत्काल अपने शिक्षक, स्कूल प्रबंधन अथवा पुलिस को इसकी जानकारी दें.

सड़क हादसा | कार चालक सुरक्षित, स्थानीय लोगों ने की मदद

दमोह-जबलपुर मार्ग पर डिवाइडर पर चढ़ी बोलेरो

नवभारत, दमोह। दमोह-जबलपुर मार्ग पर मिशन स्कूल के सामने शनिवार रात तेज रफ्तार बोलेरों अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई।घटना रात करीब 10 बजे हुई जैसे ही स्थानीय लोगों ने घटना देखी तो वह मदद के लिए पहुंचे। युवक किसी ग्रामीण अंचल का था और वह कुछ भी जानकारी देने के लिए तैयार नहीं था कि कहां से कहां जा रहा था। जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और डिवाइडर से गाड़ी को नीचे उतरवाया इसके बाद कार चालक वाहन लेकर चला गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बोलेरो क्रमांक एमपी 20 सीबी 4358 में सवार व्यक्ति किल्लाई नाके से कलेक्ट्रेट की ओर जा रहा था। इसी समय बारिश भी काफी तेज हो रही थी।तभी मिशन स्कूल के सामने पहुंचते ही बोलेरो बेकाबू हो गई और डिवाइडर पर चढ़ गई।जैसे ही आवाज आई वहां मौजूद लोग सड़क पर आ गए देखा कार का आगे का एक हिस्सा डिवाइडर पर चढ़ा है।इसके बाद चालक को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कार चालक तेज रफ्तार में था।जब उससे जानकारी ली गई कि वह कहां से कहां जा रहा था। बोलेरो डिवाइड पर कैसे चढ़ी तो वह कुछ भी नहीं बोला।

> जानकारी लगने के बाद कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पहुंची।कार को सुरक्षित तरीके से नीचे उतरवाया गया और घटना की जानकारी यातायात पुलिस को भी दी गई।पुलिस के अनुसार कार चालक से जानकारी लेने के बाद उसे जाने दिया गया है और मामले में जांच की जा रही है।यदि कार की रफ्तार और अधिक होती तो बड़ी घटना भी घटित हो सकती थी।

अलग-अलग घटनाओं में नवविवाहित महिला सहित 3 की मौत

पुलिस जांच में जुटी

नवभारत, दमोह। जिले में नवविवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में और दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही

नवविवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। नोहटा से प्रधान आरक्षक प्रदीप तिवारी और आरक्षक देशराज ने पहुंचकर नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह की मौजूदगी में शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कार्रवाई करते हुए बताया कि मृतिका आशना पति रिंकू प्रधान उम्र 25 वर्ष निवासी माला बमोरी की मौत हो जाने पर जांच की जा रही है।

इंदिरा कॉलोनी में फांसी लगाकर की आत्महत्या'

सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा कॉलोनी में निवासरत कोमल प्रसाद शर्मा के 30 वर्षीय पुत्र राजेंद्र उर्फ राजू शर्मा ने अज्ञात कारणों के चलते घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली से एएसआई साहब सिंह और आरक्षक रतिराम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

रेल्वे ट्रैक पर मिला घायल युवक, मौत

कुछ दिन पहले 25 वर्षीय युवक घायल अवस्था में शाहपुरा रेल्वे ट्रैक पर मिला था। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे दमोह जिला अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।जिला अस्पताल चौकी प्रभारी प्रधान आरक्षक शुभनारायण यादव ने बताया कि मृतक बलराम पिता आदिवासी, उम्र 25 वर्ष, निवासी धुरा, थाना सानौधा, जिला सागर है। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है।